गंगी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

ഗംഗിയുടെ സ്വഭാവത്തെക്കുറിച്ച് കുറിപ്പ് എഴുതാം.

गंगी एक गरीब औरत है। अपनी गरीबी में सब कुछ सहकर वह जीती है। समाज के निम्न वर्ग की औरत होने के कारण उसे कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अपने बीमार पति को ताज़ा पानी पिलाने में असमर्थ गंगी बहुत परेशान होती है। उच्च वर्ग के लोगों के कुकर्मों को समझकर उसके मन में गुस्सा आता है। जाति-प्रथा के बारे में उसका प्रश्न यह है कि 'यह भिन्नता क्यों और कैसे आई?' गंगी का दिल ठाकुर जैसे लोगों की अनीति पर विद्रोह प्रकट करता है। उनके बुरे कामों पर वह घृणा भी प्रकट करती है। गंगी एक साहसी औरत भी है। अपने पति के लिए रात में पानी लाने के लिए वह ठाकुर के कुएँ की जगत पर पहुँचती है। अवसर पाकर पानी खींचती है लेकिन ठाकुर को आते देखकर वह भाग जाती है। पति को बदबूदार पानी पीते देखकर गंगी का मन दुःख से भर जाता है। ഗംഗി ഒരു ദരിദ്ര സ്ത്രീയാണ്.